## ★ प्रस्ताव 14 के पक्ष में तर्क ★

*प्रस्ताव 14: मूल कोशिका (स्टेम सैल) उपचारों से स्वास्थ्य लाभ मिलता है और जिंदगियां बचती हैं। California के लगभग आधे परिवारों में एक में ऐसी चिकित्सीय स्थिति वाला एक बच्चा या व्यस्क शामिल है जो स्टेम सेल अनुसंधानों और उपचारों से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं।*

प्रस्ताव 14 California के रोगियों जिन्हें कैंसर, मधुमेह, दिल की बीमारी, अल्ज़ाइमर्स, पार्किंसंस, एचआईवी/एड्स, Amyotrophic lateral sclerosis (ALS), Multiple sclerosis (MS), सिकल सेल बीमारी, फेफड़े की बीमारी, किडनी की बीमारी, Bubble Baby बीमारी, उम्र से संबंधित अंधापन, अनुवांशिक अंधापन, मिर्गी, दौरे, सिक्ज़ोफ्रेनिया, ऑटिज़्म, अन्य मानसिक स्वास्थ्य और दिमागी स्थिति और संक्रामक बीमारियाँ हैं, जैसे कि COVID-19 के लिए, के लिए उपचार विकसित करने, उन्नत नैदानिक परीक्षण करने, और नई वैज्ञानिक खोजों के लिए निरंतर निधि प्रदान करता है।

निरंतर सफलता पर निर्माण करना: FDA से स्वीकृत 92 नैदानिक परीक्षण / अब तक 2900 चिकित्सीय खोजें। California की मूल स्टेम सेल निधि जो कि इस वर्ष समाप्त होने से पहले ही उपचार और इलाज विकसित करने में महत्वपूर्ण प्रगति कर चुकी है, जिसमें गंभीर बीमारियों और आकस्मिक चोटों के लिए FDA से स्वीकृत 92 नैदानिक परीक्षण, 2900 से अधिक चिकित्सीय खोजें शामिल हैं और जिन्होंने रोगियों के लिए लाभ प्रदर्शित किया है और अन्य गंभीर बीमारियों पर अनुसंधान किए गये हैं जिनमें कैंसर, मधुमेह, दिल की स्थिति, अंधापन, एचआईवी/एड्स, ALS, बच्चों में रोगों से प्रतिरक्षा की कमी, लकवा और किडनी की बीमारी शामिल हैं।

CALIFORNIA के रोगियों के उपचार की सफलता की कहानियों में शामिल हैं: • एक हाई स्कूल का छात्र जो गोता लगाने की एक दुर्घटना में लकवाग्रस्त हो गया था, उसने शरीर के उपरी हिस्से की कार्य करने की क्षमता वापस प्राप्त कर ली है। • एक मां जो एक अनुवांशिक बीमारी के कारण नेत्रहीन हो गई थी, अपनी आंखों की रोशनी वापस प्राप्त कर रही है। • एक घातक बीमारी जिसके कारण बच्चे बिना कार्यशील प्रतिरक्षा प्रणाली के जन्म लेते थे, इसके लिए इलाज की खोज की गई। • दो प्रकार के घातक ब्लड कैंसरों के लिए FDA से स्वीकृत उपचार। *www.YESon14.com/successes* पर और रोगियों की बात सुनें।

70 से अधिक रोगी समर्थक संगठनों द्वारा समर्थित। प्रस्ताव 14 पर हां में मतदान California विश्वविद्यालय, नोबेल पुरस्कार विजेताओं, प्रमुख रोगियों और चिकित्सा विज्ञान समर्थकों, और 70 से अधिक रोगी समर्थक संगठनों जिसमें American Association for Cancer Research शामिल हैं, द्वारा समर्थित है। • American Diabetes संगठन • Leukemia & Lymphoma Society • Juvenile Diabetes Research Foundation • The Michael J. Fox Foundation for Parkinson's Research • ALS संगठन, Golden West Chapter • CURE—Citizens United for Research in Epilepsy • One Mind • Immune Deficiency Foundation • Women's Alzheimer's Movement • Alzheimer's Los Angeles • Christopher & Dana Reeve Foundation for Paralysis • Cystic Fibrosis Research, Inc. • Arthritis Foundation • Sickle Cell Disease Foundation of California • Foundation for Fighting Blindness • San Francisco AIDS Foundation

"प्रस्ताव 14 California की आज तक की प्रगति पर निर्माण कर रहा है, प्रयोगशालाओं और नैदानिक परीक्षणों में महत्वपूर्ण चिकित्सा खोजों को तेजी से बढ़ाने में सहायता करता है, जहां वे रोगियों की जिंदगी बचाने और सुधार लाने में सहायता कर सकते हैं।"—*Dr. Adriana Padilla, Fresno*

रोगियों की पहुंच और वहन करने की क्षमता को बढ़ाता है। नैदानिक परीक्षणों और नए चिकित्सा उपचारों तक आश्चर्यजनक रूप से पहुंच बढ़ाने के लिए "The Treatment and Cures Accessibility and Affordability Working Group" विशेषज्ञों को समर्पित करता है जिससे California वासियों के लिए उपचार और इलाज और अधिक वहन करने योग्य बनता है और रोगियों, उनके परिवारों, और देखभाल करने वालों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

आर्थिक और रोजगार पुनर्प्राप्ति प्रोत्साहन। इस निधि से नए राजस्व, आर्थिक गतिविधि और नौकरियां सृजित की जाएंगी जो California की आर्थिक पुनर्प्राप्ति में योगदान करेंगी। पहले 5 वर्षों में कोई राज्य बांड भुगतान नहीं होंगे; *और California* ***के स्टेम सेल*** *कार्यक्रम को समर्थन देने की राज्य की वार्षिक औसत लागत प्रति व्यक्ति $5 से कम की आएगी।*

कठोर उत्तरदायित्व और पारदर्शिता सुनिश्चित करता है। California के नियंत्रक The Citizens Financial Accountability Oversight समिति की अध्यक्षता करते हैं जो निधि प्राप्त करने वाले संस्थान की वित्तीय और प्रदर्शन की स्वतंत्र लेखा जांच और समीक्षा करती है। यह संस्थान California के Open Meeting अधिनियम, Public Records अधिनियम, और Political Reform अधिनियम का अनुपालन करता है।

*गंभीर रोग, परिस्थितियां और दुर्घटनाएँ जीवन को छोटा कर रही हैं, और California वासियों को स्वास्थ्य देखभाल की लागत कई बिलियन डॉलर पड़ रही है। लाखों California वासियों के स्वास्थ्य को सुधारने और पीड़ा को कम करने के लिए स्टेम सेल उपचारों के विकास में हमें निवेश अवश्य जारी रखना चाहिए।*

14 पर हां में मतदान करें। *ये आपकी या आप जिनसे प्यार करते हैं, उनके जीवन की रक्षा कर सकता है। www.YESon14.com*

**ANTONI RIBAS, M.D., Ph.D., अध्यक्ष**
American Association for Cancer Research

**CYNTHIA E. MUÑOZ, Ph.D., MPH, अध्यक्ष**
American Diabetes Association-Los Angeles

**ROBERT A. HARRINGTON, M.D., चेयरमेन**
चिकित्सा विभाग, Stanford University

## ★ प्रस्ताव 14 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 14 पर नहीं में मतदान करें।

बड़ी लागतें।

ऊपर दिए गए मत के तर्कों को पढ़कर आप समझ सकते हैं कि प्रस्तावक इस पहल की लागत कम करने का प्रयास कर रहे हैं।

कुल वास्तविक लागत $7.3 बिलियन है—अभी के आर्थिक संकट के साथ बढ़ती हुई बेरोज़गारी और बजट में कमी के समय में यह एक बहुत बड़ी राशि है।

असफल वादे

प्रस्तावक राजस्व और नौकरियों के बारे में खाली वादे कर रहे हैं।

*San Francisco Chronicle* ने California के मतदाताओं से वर्षों वर्ष पहले किए गए ऐसे ही वादों की जांच की—और यह पाया कि "भविष्यवाणी वास्तविकता में नहीं बदली।"

स्वतंत्र विशेषज्ञों और समाचारों ने प्रस्ताव 14 के द्वारा बिलियंस खर्च करने के लिए अधिकृत किए गए प्रबंधन और राज्य अधिकारियों की पारदर्शिता के रिकॉर्ड पर प्रश्न उठाए।

राज्य अधिकारियों द्वारा अब तक खर्च किए गए $3 बिलियन के परिणाम में संघीय सरकार से केवल कुछ ही उपचार स्वीकृत हुए।

यह जवाब नहीं है

चिकित्सीय अनुसंधान महत्वपूर्ण है। हम सब मानते हैं कि बहुत से लोगों को प्रभावित करने वाली बीमारियों का इलाज और उपचार खोजने की आवश्यकता है।

लेकिन प्रस्ताव 14 इसका जवाब नहीं है।

संघीय सरकार और निजी निवेशक इलाज खोजने के लिए कई बिलियन डॉलर खर्च कर रहे हैं।

California राज्य के करदाताओं ने बहुत कुछ किया है।

प्रस्ताव 14 पर नहीं में मतदान करें।

**VINCENT FORTANASCE, M.D.**

**PATRICK JAMES BAGGOT, M.D.**



*इस पृष्ठ पर मुद्रित तर्क लेखकों के निजी विचार हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनका सत्यापन नहीं किया गया है।*

## ★ प्रस्ताव 14 के विपक्ष में तर्क ★

हम कई बिलियन डॉलरों का अपव्यय वहन नहीं कर सकते हैं।

आर्थिक संकट के साथ बढ़ती हुई बेरोज़गारी और बजट में दसियों बिलियन डॉलर्स की कमी के मध्य हमारे पास अपव्यय करने के लिए धन नहीं है।

**हम बस ऐसे ही प्रस्ताव 14 के प्रस्तावकों के कहने पर $5 बिलियन वहन नहीं कर सकते हैं।**

और वह भी तब जब परेशानी में पड़ी यह राज्य एजेंसी पिछले 15 सालों में—खराब परिणामों के साथ लगभग $3 बिलियन खर्च कर चुकी है।

राज्य एजेंसी जो कई बिलियन डॉलर की ग्रांटस दे रही है, San Francisco Chronicle द्वारा उसके "एक गहन विश्लेषण" करने के बाद यह पाया गया है कि "भविष्यवाणी वास्तविकता में नहीं बदली।" परिणाम में संघीय सरकार से केवल कुछ ही उपचार स्वीकृत हुए।

प्रस्ताव 14 के प्रस्तावकों द्वारा दिए गए "आर्थिक प्रभाव" की संख्याओं पर विश्वास मत कीजिए।

इन "प्रभावों" में शामिल हैं:

**अन्य राज्यों में स्थित मुख्यालयों वाली निजी कंपनियों को $100 मिलियन से अधिक की ग्रांट दी गई।**

मंडल के *पार्ट टाइम* उपाध्यक्ष जो California के एक भूतपूर्व विधायक हैं, को पिछले 10 वर्षों में $2.4 मिलियन से अधिक का वेतन जो ना तो एक डॉक्टर हैं और ना ही एक चिकित्सा वैज्ञानिक हैं, दिया गया।

बेहिसाब।

प्रस्ताव 14 गंभीर समस्याओं वाले अधिकारियों को निधि प्रदान करता है

कुछ ने इस निधि का निरीक्षण वाली राज्य एजेंसी की "ईमानदारी और स्वतंत्रता" पर प्रश्न किए हैं।

Robert Klein, एजेंसी के बोर्ड के भूतपूर्व अध्यक्ष को Little Hoover Commission ने "और अधिक जवाबदेही के लिए प्रमुख पात्र" के रूप में नाम दिया है।

Berkeley में Center for Society and Genetics ने यह निष्कर्ष निकाला है कि मूल स्टेम सेल पहल की किसी भी कमी को प्रस्ताव 14 में संबोधित नहीं किया गया है। वास्तविकता में, उनका निष्कर्ष है कि समस्या इससे भी ज़्यादा गंभीर है।

दूसरे इस काम को अच्छे से कर सकते हैं

National Institute of Health इसी प्रकार के अनुसंधान को निधि देने के लिए एक वर्ष में $1.5 बिलियन ग्रांट में देता है।

**निजी निवेशकों और कंपनियों, जिनमें California की भी कई शामिल हैं, ने स्टेम सेल द्वारा बीमारियों का इलाज करने में बहुत उन्नति की है—निजी निधि का प्रयोग करके, कर के डॉलरों का नहीं।**

और इस एजेंसी द्वारा हाल के महीनों में COVID-19 पर कार्य कर रहे अनुसंधानकर्ताओं को मुट्ठी भर दिए गए ग्रांट के भ्रम में ना रहें। —अन्य प्राथमिकताओं पर बिलियंस खर्च करने के बाद—इस महामारी के मध्य में मतदाताओं को भ्रमित करने का यह एक प्रत्यक्ष प्रयास है।

प्रस्ताव 14 का अर्थ है अधिक कर, नौकरी से निकालना—या दोनों ही

पास में दिए गए सारांश को पढ़िए, जिसमें निर्दलीय विधायक विश्लेषण में कहा गया है कि **"बांड के भुगतान पर राज्य की लागत $7.8 बिलियन मूलधन ($5.5 बिलियन) और ब्याज ($2.3 बिलियन) है।"**

**प्रस्ताव 14 की लागत $7.8 बिलियन के भुगतान का अर्थ करों में अत्याधिक बढ़ोतरी हो सकता है—ऐसे समय में जब हमारी अर्थव्यवस्था बुरी स्थिति में है।**

या हजारों नर्सों और अन्य बहादुरों को नौकरी से निकालना जो California को वास्तविकता में स्वस्थ रखने का कार्य करते हैं।

प्रस्ताव 14 पर नहीं में मतदान करें।

हम कई बिलियन डॉलरों का अपव्यय वहन नहीं कर सकते हैं।

**VINCENT FORTANASCE, M.D.**

**PATRICK JAMES BAGGOT, M.D.**

## ★ प्रस्ताव 14 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

**नोबेल पुरस्कार विजेता चिकित्सा अनुसंधानकर्ताओं, डॉक्टरों, और 70 मरीज समर्थक संगठनों ने प्रस्ताव 14 का अध्ययन किया है और हाँ पर मतदान करने का आग्रह किया है।**

- स्टेम सेल अनुसंधान, चिकित्सा में विकास का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है जिसमें वर्तमान की उपचार ना हो सकने वाली बीमारियों और दुर्घटनाओं के उपचार और इलाज के लिए महत्वपूर्ण खोज की जाती है।
- California के इसमें सफल प्रदर्शन रिकॉर्ड के कारण United States National Institutes of Health (NIH) ने इलाज को उन्नत बनाने के लिए California के Stem Cell Funding Institute के साथ साझेदारी की है।]
- नये चिकित्सा और इलाज के अनुसंधान के लिए निधि बॉन्ड्स द्वारा दी जाएगी, कर के रूप में नहीं। राज्य की औसत वार्षिक लागत $5 प्रति व्यक्ति से कम है, 2026 तक राज्य को कोई भुगतान नहीं करना है, California की आर्थिक पुनः प्राप्ति का छठवां वर्ष।
- ये नए उपचार और इलाज पहले जैसा स्वस्थ कर देंगे और California वासियों की स्वास्थ्य की देखभाल की लागत को कम करेंगे।
- California से निधि महत्वपूर्ण है; Washington, DC से निधि अविश्वसनीय है और इसका पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता।

**विपक्ष संस्था की प्रगति की कई वर्षों की निधि को अनदेखा कर रहा है जिसमें 2900 से अधिक चिकित्सीय खोज और FDA से स्वीकृत 92 नैदानिक परीक्षण सम्मिलित हैं और Citizen's Financial Accountability Oversight Committee द्वारा दिए गए उच्च अंक जिसके अध्यक्ष California के नियंत्रक हैं।**

आर्थिक, नौकरी पुनर्प्राप्ति प्रोत्साहन—प्रमाणित इतिहास

University of Southern California Schaeffer Center for Health Policy & Economics ने 2019 की एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें सैकड़ों मिलियन डॉलरों के नए राजस्व, आर्थिक प्रोत्साहन में $10.7 बिलियन और California की स्टेम सेल निधि द्वारा दसों हजार नई नौकरियां सृजित करने की पुष्टि की गई है। इतिहास यह प्रदर्शित करता है कि प्रस्ताव 14 आर्थिक, रोजगार पुनर्प्राप्ति प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

70 मरीज समर्थक संगठनों, UNIVERSITY OF CALIFORNIA, और वैज्ञानिकों द्वारा समर्थित जिसमें American Association for Cancer Research शामिल है। • American Diabetes संगठन • Leukemia & Lymphoma Society • Juvenile Diabetes Research Foundation • ALS संगठन, Golden West Chapter • CURE—Citizens United for Research in Epilepsy • One Mind • Immune Deficiency Foundation • Beyond Type I • Women's Alzheimer's Movement • Alzheimer's Los Angeles • Christopher & Dana Reeve Foundation for Paralysis • Cystic Fibrosis Research, Inc. • Arthritis Foundation • Sickle Cell Disease Foundation of California • Foundation for Fighting Blindness • San Francisco AIDS Foundation

14 पर हां में मतदान करें। *ये आपकी या आप जिनसे प्यार करते हैं, उनके जीवन की रक्षा कर सकता है।*

**TODD SHERER, Ph.D.,** CEO
The Michael J. Fox Foundation for Parkinson's Research

**LAWRENCE GOLDSTEIN, Ph.D.,** सम्मानित प्राध्यापक
Shiley—Marcos Alzheimer's Disease Research Center,
California विश्वविद्यालय, San Diego

**TRACY GRIKSCHEIT, M.D.,** बाल चिकित्सा सर्जरी के प्रमुख
Los Angeles का बच्चों का अस्पताल

*इस पृष्ठ पर मुद्रित तर्क लेखकों के निजी विचार हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनका सत्यापन नहीं किया गया है।*